Bharat Temples

तुम तो कान्हा छलिया हो

तुम तो कान्हा छलिया हो दरश कब दिखाओगे
आज यहां कल वहां जाने कब आओगे

हम तो कान्हा मन्दिर में रोज रोज आते हैं
मेरे मन मन्दिर में तुम कब आओगे
तुम तो........

हम तो कान्हा मन्दिर में फूल रोज चढ़ाते हैं
मेरे मन मन्दिर में फूल कब खिलाओगे
तुम तो........

हम तो कान्हा मन्दिर में ज्योत भी जलाते हैं
मेरे मन में ज्योत कब जलाओगे
तुम तो.......

हम तो कान्हा मन्दिर में सत्संग करते हैं
मेरे मन मन्दिर में रास कब रचाओगे
तुम तो........

हम तो कान्हा मन्दिर में नाच भी लेते है
मेरे मन मन्दिर में डांस कब दिखाओगे
तुम तो.........

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw